# बदरीनाथ यात्रा मार्ग पर सुगमता से मिल रहे पहाड़ी उत्पाद, बनाए गए आउटलेट

**बदरीनाथ मार्ग**

**- स्वयं सहायता समूहों ने खोले 11 आउटलेट, सभी उत्पादों का आउटलेट पर किया जा रहा विपणन**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले में स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के लिए ग्राम्य विकास विभाग की ओर से ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मुहीम चलायी जा रही है। जिसके तहत अब बदरीनाथ मार्ग पर पहाड़ी दाल, अनाज और जूस के शौकीनों को सुगमता से पहाड़ी उत्पाद मिल रहे हैं।
विभाग की ओर से जिले के 11 स्थानों पर पर पहाड़ी उत्पादों के विपणन के लिये आउटलेट बनाए गए हैं। जबकि 17 मई से नंदप्रयाग में विभाग की ओर से पहाड़ी व्यंजनों का ढाबे का संचालन भी शुरू किया जा रहा है। जिससे देश और विदेश से आने वाले तीर्थयात्री यात्रा मार्ग पर पहाड़ी व्यंजनों का लुत्फ ले सकेंगे।
मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से संकुल स्तरीय कलस्टर एवं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से बदरीनाथ हाईवे पर गौचर, कर्णप्रयाग, सोनला, मैठाणा, गोपेश्वर, विरही, टंगणी, पीपलकोटी, लंगसी, जोशीमठ और बदरीनाथ में आउटलेट संचालित किए जा रहे हैं। जबकि कई स्थानों पर कैनोपी लगाकर उत्पादों का विपणन किया जा रहा है। आउटलेट पर पहाड़ी दालें, मंडुवे का आटा, झंगोरा, मसाले, बुरांश जूस, माल्टा जूस, आंवला जूस, तिमले, लिंगडे, लहसुन के अचार के साथ ही हैंडी क्राफ्ट के उत्पाद और उत्तराखण्ड प्रतीक चिह्नों का विपणन किया जा रहा है।
परियोजना निदेशक आनन्द सिंह ने कहा कि जनपद में स्थानी उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के साथ ही स्वरोजगार और पर्यटन को बढ़ावा देने की मंशा से रीप और यूएसआरएलएम की ओर से यह गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। साथ ही व्यवसाय की नियमित निगरानी और साप्ताहिक व्यवसाय का डाटा तैयार किया जा रहा है। ताकि डाटा विश्लेषण के आधार पर ऐसे व्यवसायों को बढ़ाने की सुदृढ़ रणनीति तैयार की जा सके। उन्होंने बताया कि आउटलेट पर उत्पादों की उच्च गुणवत्ता और बाजार की मांग के अनुरुप ग्रेडिंग पैकिंग का विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# गंगोत्री हाइवे सोनगाड के पास यात्री वाहन दुर्घटनाग्रस्त, सभी यात्री सुरक्षित

**ब्रेक फेल**

**गंगोत्री हाइवे सोनगाड के पास टैम्पो ट्रैवलर पलट गया, जिसमें सभी यात्री बाल बाल बच गए।**



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
गंगोत्री हाइवे सोनगाड के पास टैम्पो ट्रैवलर पलट गया, जिसमें सभी यात्री बाल बाल बच गए। बुधवार को अहमदाबाद, गुजरात से चारधाम यात्रा पर आए श्रद्धालुओं का वाहन टेम्पो ट्रैवलर संख्या एचआए 55एआर-7404 गंगोत्री धाम की ओर जाते हुए सोनगाड़ के पास ब्रेक फेल होने से दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।
यातायात निरीक्षक राजेन्द्र नाथ के नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायलों को आपातकालीन नम्बर 108 पर संपर्ककर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भटवाडी पहुंचाया। वाहन में चालक सहित 18 लोग सवार थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं, आठ लोगों को हल्की चोटें आयी हैं।इन तीर्थयात्रियों में 16 वर्षीय विशाल परादिया, 20 वर्षीय वैष्णवी परादिया, 13 वर्षीय ध्रूति परादिया, 39 वर्षीय विशाल कुमार व्यास, 37 वर्षीय नेहा बेन व्यास , 10 वर्षीय नमय कुमार व्यास, 62 वर्षीय उषा बेन रावल , 59 वर्षीय गीता बेन व्यास, 52 वर्षीय अनिल बेन आचार्य, 57 वर्षीय मनोज कुमार, 64 वर्षीय अनिल व्यास, 55 वर्षीय दक्ष व्यास, 59 वर्षीय मीता जोशी, 58 वर्षीय दीपक कुमार जोशी, 54 वर्षीय अवनी जोशी, 23 वर्षीय वशिष्टा जोशी, 64 कमलेश देव और 61 अरुणा बेन देव शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### फाइनोटेक्स केमिकल लिमिटेड को संभावित अधिग्रहण के लिए अग्रिम चर्चा हेतु मंजूरी प्राप्त हुई

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
फाइनोटेक्स केमिकल लिमिटेड (बीएसईः 533333, एनएसईः एफसीएल), एक लीडिंग स्पेशल केमिकल प्रोड्यूसर, ने घोषणा की है कि उसे प्रेफेरेंशिएल इश्यू के वारंट्स के लिए बीएसई और एनएसई से सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। इससे पहले बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 346 रुपये प्रति वारंट के इश्यू प्राइस पर 42,00,600 कन्वर्टिबल शेयर वारंट्स इश्यू और अलॉटमेंट के माध्यम से संचित करके कुल मिलाकर अधिकतम राशि 146 करोड़ रुपये के धन को जुटाने की मंजूरी दी थी।
इसके अलावा, कंपनी वर्तमान में संभावित अधिग्रहण के संबंध में एक स्पेशलिटी केमिकल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी के साथ एडवांस्ड डिस्कशन में लगी हुई है। कंपनी का यह टार्गेट प्रोडक्ट पोर्टफोलियो और कस्टमर बेस उसके वर्तमान बिजनेस ऑपरेशंस के साथ अच्छी तरह से अलाइन्ड होता है। कंपनी ने आगे कहा कि, हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि बातचीत और उचित तत्परता चल रही है और यह पहल स्टेकहोल्डर वैल्यू को बढ़ाने, ऑर्गैनिक और इनॉर्गैनिक दोनों विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है।
1979 में स्थापित, फाइनोटेक्स केमिकल लीडिंग स्पेशल केमिकल प्रोड्यूसर और सोल्यूशन प्रोवाइडर है, जिसका इंटरनेशनल बिजनेस के अलावा डोमेस्टिक टेक्सटाइल इंडस्ट्री के साथ स्पेशलिटी केमिकल्स बाजार में भी अग्रणी स्थान है। कंपनी टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए प्री-ट्रीटमेंट, रंगाई, छपाई और फिनिशिंग प्रॉसेस सहित सारी वैल्यू चेन के लिए केमिकल बनाती है। कंपनी ने होम केयर, हाइजीन और ड्रिलिंग स्पेशलिटी केमिकल्स सेक्टर में सफलतापूर्वक विस्तार किया है जो पहले से ही कंपनी के विकास के अगले चरण का समर्थन कर रहा है। कंपनी 470 से अधिक उत्पाद बनाती है और 69 से अधिक देशों में निर्यात करती है। कंपनी के पास 1,04,000 एमटीपीए की कंबाइंड कपैसिटी के साथ मुंबई और अंबरनाथ, भारत और सेलाग्नोर, मलेशिया में मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटीज हैं। 61,000 एमटीपीए (इनिशियल प्लैन्ड कपैसिटी 40,000 एमटीपीए) की क्षमता के साथ अंबरनाथ में नई स्थापित सुविधा मौजूदा टेक्सटाइल स्पेशलिटीज और तेजी से बढ़ते होम केयर और हाइजीन तथा ड्रिलिंग स्पेशलिटी के व्यवसाय के लिए ग्राहकों की मांग को पूरा करेगी।

### अमेजन ने भारतीय स्टार्टअप्स को ग्लोबल मार्केट्स में लॉन्च करने के लिए प्रोपेल के चौथे सीजन की घोषणा की

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
अमेजन इंडिया ने आज प्रोपेल के चौथे सीजन के लॉन्च की घोषणा की, जो कंस्यूमर प्रोडक्ट खंड में स्टार्टअप के लिए एक ग्लोबल बिजनेस एक्सेलरेटर जैसा है। यह अपनी तरह का अनूठा कार्यक्रम है जिसे उभरते भारतीय ब्रांडों और स्टार्टअप को ईकॉमर्स एक्सपोर्ट्स के जरिये दुनिया भर के ग्राहकों तक पहुंचने के लिए समर्पित रूप से सहायता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। प्रोपेल एस4 अंतरराष्ट्रीय बाजारों में लॉन्च होने वाले 50 स्टार्टअप तक का समर्थन करेगा और भारत से ग्लोबल ब्रांड तैयार करेगा। इसमें भाग लेने वाले स्टार्टअप कुल 1.5 मिलियन डॉलर से अधिक के पुरस्कार जीतेंगे, जिसमें एडब्ल्यूएस एक्टिवेट क्रेडिट, छह महीने की मुफ्त लॉजिस्टिक्स और खाता प्रबंधन सहायता, साथ ही शीर्ष 3 विजेताओं के लिए अमेजन से संयुक्त रूप 100,000 डॉलर का अनुदान शामिल है।
अमेजन इसमें भाग लेने वाले स्टार्टअप को भारतीय रेवेन्यू-आधारित-फाइनेंसिंग फर्मों जैसे क्लब, वेलोसिटी और गेटवेंटेज से जुड़ने में भी मदद करेगी जो प्रतिभागी स्टार्टअप को बड़े पैमाने पर अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए क्यूरेटेड ऑफर प्रदान करेंगे।
इस कार्यक्रम के लिए आवेदन आज से शुरू हो गए हैं और 9 जून, 2024 को बंद हो जाएंगे। इसका समापन एक डेमो-डे में होगा, जहां प्रतिभागियों को अग्रणी वीसी फर्मों के सामने अपने व्यावसायिक प्रस्ताव पेश करने और अपने परिचालन का विस्तार करने के लिए फंडिंग का मौका मिलेगा। प्रोपेल एस4 के हिस्से के रूप में, अमेजन ने एक मेंटरशिप बोर्ड का गठन किया है जिसमें अमेजन नेतृत्व, वीसी भागीदार और उद्योग जगत के वरिष्ठ नेतृत्व शामिल होंगे, जो उभरते ब्रांडों के साथ जुड़ेंगे और उन्हें ग्लोबल मांग पैटर्न पर अनुरूप संसाधन, 1:1 मेंटरशिप तथा कार्यशालाओं और ईकॉमर्स के जरिये सफल निर्यात व्यवसाय निर्माण पर अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगे।

### भारत में चावल उत्पादकों को मिली पैदावार बढ़ाने और श्रम लागत बचाने वाली नई फुलपेज तकनीक

**रूद्रपुर/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में चावल की पैदावार बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं अभिनव प्रयास में, सवाना सीड्स ने फुलपेज नामक नया तकनीकी समाधान पेश किया है, जिससे भारत के राज्यों के हजारों चावल किसानों को लाभ होगा। इस नई तकनीक को गेम चेंजर और भविष्योन्मुखी बताते हुए कंपनी ने कहा कि यह चावल उत्पादकों के लिए एक समग्र समाधान प्रदान करती है, जिससे पैदावार में वृद्धि के साथ-साथ भूजल के उपयोग में 30 प्रतिशत तक की कमी आती है, श्रम लागत में प्रति एकड़ 4000 से 4500 रुपये की बचत होती है।

# थाइलैंड से स्वदेश लौटी प्रशिक्षक और खिलाड़ी, स्केटिंग खिलाड़ियों में उत्साह

**स्केटिंग सेमीनार**

**समस्त राष्ट्र के स्केटिंग खिलाड़ियों को "दून आइस रिंक" दोबारा मिलने की उम्मीद जगी है**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बैंकॉक (थाइलैंड) में गत आठ से 11 मई के मध्य अंतरराष्ट्रीय आइस स्केटिंग यूनियन की ओर से आइस स्केटिंग डेवलपमेंट कार्यक्रम के अंतर्गत फिगर एवं स्पीड स्केटिंग ऑफ थाईलैंड की ओर से आयोजित अन्तरराष्ट्रीय फिंगर स्केटिंग सेमीनार में भाग लेकर उत्तराखंड की राष्ट्रीय फिगर स्केटिंग प्रशिक्षक निष्ठा पैन्यूली और खिलाड़ी स्केटर हर्षिता रावतानी बुधवार को वापस स्वदेश लौटी।
बैंकांक से सेमीनार में भाग लेकर लौटी प्रशिक्षक और अन्तरराष्ट्रीय फिंगर स्केटिंग प्रतियोगिताओं में देश के लिये कई मेडल हासिल करने वाली निष्ठा पैन्यूली ने कहा कि बैंकांक में आयोजित अन्तरराष्ट्रीय फिगर स्केटिंग सेमीनार में भाग लेकर जो ज्ञान प्राप्त हुआ उसका लाभ देश के खिलाड़ियों को पहुंचाया जाएगा और खेलस्तर को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री सहित खेल मंत्री और प्रमुख सचिव खेल का भी धन्यवाद प्रेषित किया। उत्तराखण्ड राज्य ही नहीं अपितु समस्त राष्ट्र के स्केटिंग खिलाड़ियों को "दून आइस रिंक" दोबारा मिलने की उम्मीद जगी है। निश्चय ही इस प्रयास से स्केटिंग के खिलाड़ियों में उत्साह भर गया है।
उल्लेखनीय है कि आइस स्केटिंग की अन्तरराष्ट्रीय संस्था "अन्तरराष्ट्रीय आइस स्केटिंग युनियन" के डेवलेपमेन्ट प्रोजेक्ट के तहत फिंगर स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ थाईलैंड की ओर से आयोजित चार दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय फिगर स्केटिंग सेमिनार फॉर कोचेस एंड स्केटर कार्यक्रम में देश के कुल तीन महिला प्रशिक्षकों और तीन महिला स्केटिंग खिलाड़ियों ने आईडब्ल्यूआइएस अंतरराष्ट्रीय ट्रेनिंग सेन्टर आईएसयू सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स बैंकांक थाईलैंड में भारत की आइस स्केटिंग की सर्वोच्च संस्था " आईस स्केटिंग एसोसिएशनऑफ इण्डिया" की ओर से भाग लिया।
इसमें उत्तराखंड से प्रशिक्षक निष्ठा पैन्यूली और स्केटर खिलाड़ी हर्षिता रावतानी ने प्रतिभाग कर विश्व प्रसिद्ध लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्राप्त प्रशिक्षक "बैरियन ओरसर और ओलपिंक खिलाड़ियों को तैयार करने वाले प्रसिद्ध प्रशिक्षक 'ट्रेसी विलसन' से आन-आइस और ऑफ-आइस स्केटिंग की बारिकीयां जानी। वहीं आईएसयू के तकनीकी समिति के सदस्य "युकीको ओकाबे" के लाभकारी व्याख्यानों से फिगर स्केटिंग खेलों के नियम और जटिल, विशिष्ट नियमावलियों की जानकारी हासिल की।

# पुरोला में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित शिक्षक गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**पुरोला पुलिस ने मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर अभियुक्त शिक्षक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया था**



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
पुरोला में नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म के मामले में आज एक निजी स्कूल के शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुरोला पुलिस ने मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर अभियुक्त शिक्षक के विरुद्ध धारा 376 भादवि0 व 3/4 पॉक्सो अधि० के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था। इस पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त शिक्षक राकेश (35 वर्ष) को पेट्रोल पम्प पुरोला से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां उन्हें जेल भेज दिया गया।

### ट्रैक्टर के नीचे दबकर किसान की मौत

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ट्रैक्टर के नीचे दबकर एक किसान की मौत हो गई। किसान की खबर सुनते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया।जनपद के झबरेड़ा थाना क्षेत्र के बेहेडेकी सैदाबाद निवासी सन्नी त्यागी 30 वर्ष पड़ोसी किसान के खेत में धंसे हुए ट्रैक्टर को निकालने अपना ट्रैक्टर लेकर गया था। बताया गया कि जब किसान ने ट्रैक्टर निकलने के लिए अपना ट्रैक्टर चलाया तो ट्रैक्टर एक साइड में गिर गया। इस कारण से सन्नी अपने को संभाल नहीं पाया और ट्रैक्टर के नीचे दब गया। आनन-फानन में मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने सन्नी को ट्रैक्टर के नीचे से निकाला और तत्काल सन्नी को अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने सन्नी को मृत घोषित कर दिया।

# गायत्री विद्यापीठ के टॉपरों ने गायत्री परिवार प्रमुखद्वय से लिया आशीर्वाद



**मार्गदर्शन**

**डॉ. पण्ड्या ने कहा कि गायत्री विद्यापीठ का शैक्षणिकस्तर साल दर साल ऊंचा उठ रहा है**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के परिणाम से गायत्री विद्यापीठ के कक्षा 12वीं और 10वीं के विद्यार्थी खुश हैं। विद्यापीठ के टॉपरों ने आज अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख एवं गायत्री विद्यापीठ के अभिभावकद्वय डॉ. प्रणव पण्ड्या एवं शैलदीदी से भेंट की और अपने अपने भविष्य के लिए मार्गदर्शन पाया।
इस अवसर पर डॉ. पण्ड्या ने कहा कि गायत्री विद्यापीठ का शैक्षणिकस्तर साल दर साल ऊंचा उठ रहा है और विद्यापीठ विद्यार्थियों को उचित वातावरण देने के लिए संकल्पित है। विद्यापीठ के समस्त शिक्षक विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए संकल्पित हैं और वे मनोयोगपूर्वक कार्य करते हैं।
शैल दीदी ने कहा कि कड़ी मेहनत कभी भी निष्फल नहीं होती, समय के साथ अपना परिणाम अवश्य देता है, इसलिए सदैव कड़ी मेहनत करते रहना चाहिए। उन्होंने महापुरुषों और संतों की कहानी से सीख लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।
गायत्री विद्यापीठ की व्यवस्था मण्डल प्रमुख श्रीमती शैफाली पण्ड्या ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया।
प्रधानाचार्य सीताराम सिन्हा और शिक्षकों ने भी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी।

# हाट मिक्स प्लांट बंद करने की जनप्रतिनिधियों ने उठाई मांग

**ज्ञापन**

**ज्ञापन देने वालों में पूर्व प्रमुख भगत सिंह बिष्ट, मदन मिश्रा, गीता बिष्ट, गजें सिंह, राकेश पुरोहित शामिल थे२**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के मंडल घाटी के नरोंधार के नीचे मंडल-बैतरणी मोटर मार्ग पर लगे हाट मिक्स प्लांट से निकलने वाले धूंऐ से मंडल घाटी में हो रहे प्रदूषण को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने बुधवार को एक ज्ञापन जिलाधिकारी चमोली को सौंपते हुए इस प्लांट को बंद करने की गुहार लगायी है।
दशोली के पूर्व प्रमुख भगत सिंह बिष्ट, सीटू के जिलाध्यक्ष मदन मिश्रा, गजे सिंह बिष्ट, गीता बिष्ट का कहना है कि नरोंधार के नीचे लगे हाट मिक्स प्लांट से निकलने वाला धूंआ पूरे क्षेत्र में फैल रहा है। जिस कारण लोगों के स्वास्थ्य पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इस धूंऐ के कारण सबसे ज्यादा परेशान बुजुर्ग लोग हो रहे है जिन्हें दमा और श्वास की बीमारी से पीड़ित होना पड़ रहा है। साथ ही आने जाने वाले राहगिरों को भी इस प्लांट के कारण परेशानी भुगतनी पड़ रही है। उनका कहना है कि क्षेत्र में कई विद्यालय भी है जहां पर बच्चे दिनभर रहकर अध्ययन कर रहे हैं। इस धूंऐ के चलते उनकी पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से इस प्लांट को बंद करवाये जाने की मांग उठाई है ताकि क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य पर इसका विपरित प्रभाव न पड़ने पाये।
ज्ञापन देने वालों में पूर्व प्रमुख भगत सिंह बिष्ट, मदन मिश्रा, गीता बिष्ट, गजें सिंह, राकेश पुरोहित आदि शामिल थे।

# बुजुर्ग महिला की हत्या के विरोध में कांग्रेस ने कोतवाली में दिया धरना

**चेतावनी**

**पुलिस महिला हत्याकांड का यदि जल्द खुलासा नहीं करती है तो अनिश्चितकालीन धरना दिया जायेगा**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ज्वालापुर में गंगा सप्तमी के दिन ब्राह्मण समाज की बुजुर्ग महिला की दिन दहाड़े हुई निर्मम हत्या के विरोध में आज युवा कांग्रेसी नेता वरुण बालियान के नेतृत्व और शिवालिक नगर अध्यक्ष अंकित चौहान के संचालन में कांग्रेस कार्यकताओं ने ज्वालापुर कोतवाली परिसर में एक घंटे का सांकेतिक धरना दिया।
धरने में वरुण बालियान ने कहा कि दिन दहाड़े बुजुर्ग महिला की हत्या से स्पष्ट है की भाजपा सरकार में शहर की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने स्थानीय विधायक आदेश चौहान को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि चुनाव पूर्व स्थानीय विधायक ने एक छोटे से झगड़े को तूल बनाकर आचार संहिता में कोतवाली ज्वालापुर और उसके बाद जिला अस्पताल में भरपूर ड्रामा किया, क्योंकि वह दो समुदायों के बीच के मामला था। तब उन्हें अपनी वोट बैंक की राजनीति करनी थी। आज जब दिन दहाड़े ब्राह्मण समाज की महिला की हत्या हो गई है तो विधायक के मुंह से चूं तक नहीं निकली। उन्होंने पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पुलिस महिला हत्याकांड का जल्द खुलासा नहीं करती है तो भविष्य में अनिश्चितकालीन धरना दिया जायेगा।
वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज सैनी और नईम कुरैशी और युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कैश खुराना ने कहा की दिन दहाड़े हुई बुजुर्ग महिला की हत्या से शहर की बिगड़ती कानून व्यवस्था को खुद ही बयां कर रही है। उन्होंने कहाकि जिस प्रकार से पुलिस और प्रशासन की नाक के नीचे शहर में अवैध नशे का कारोबार बढ़ रहा है, उसी के चलते शहर में अपराध बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा की पुलिस प्रशासन सत्ता के दबाव में काम कर रहा है, जिस कारण कानून व्यवस्था बदहाल हो चुकी है।
युवा कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष तुषार कपिल, एससी/एसटी प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील कुमार, निवर्तमान पार्षद राजीव भार्गव, सुहैल कुरैशी और इसरार सलमानी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।
धरना प्रदर्शन में अंकित चौधरी, नितिन कौशिक, शुभम जोशी, तहसीन अंसारी, रेखा गुप्ता, जफर अब्बासी, पप्पू बाल्मिकी, रोहित कुमार, हरजीत, सन्नी चौटाला, तस्लीम कुरैशी, भूपेंद्र वशिष्ठ, भरत कुमार, शौकत अली, सद्दीक गाड़ा, नितिन कश्यप, दिलशाद अंसारी आदि उपस्थित थे।

# नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने हाई कोर्ट को शिफ्ट करने को दिया पूर्ण समर्थन

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ऋषिकेश के अध्यक्ष ललित मोहन मिश्र ने उत्तराखंड हाई कोर्ट को आईडीपीएल ऋषिकेश शिफ्ट करने को अपना पूर्ण समर्थन दिया।
उन्होंने कहा कि नैनीताल में हाई कोर्ट की जगह काफी कम है। वहाँ जगह कम होने के कारण अधिवक्ताओं को चेंबर भी नहीं मिल पाते हैं ,वादकारियों को भी रहने के लिये काफी महंगे महंगे होटल्स में रुकना पड़ता हैं और ज्यादा ऊंचाई पर होने के कारण बड़ी उम्र के वादकारियों को स्वास्थ संबंधी समस्याएं भी आती हैं। उन्होंने कहा कि आईडीपीएल हाई कोर्ट के लिये सर्वथा उचित स्थान है जो कि जहाँ हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध है जैसे रेलवे स्टेशन, बस की सुविधा, एयरपोर्ट आदि जैसे सब सुविधाएं उपलब्ध है।



तीर्थ स्थल होने के कारण सस्ते रहने के स्थल भी मौजूद है।
उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट में अधिकांश वाद देहरादून और हरिद्वार जिले के ही ज्यादा मुकदमे हैं, इसलिये भी आईडीपीएल ही सबसे ज्यादा उपयुक्त स्थान है। उन्होंने मुख्य न्यायाधीश से हाई कोर्ट को आईडीपीएल में शिफ्ट करने का समर्थन किया है।

